**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**

**(भारत सरकार का उद्यम)**

**रक्षा मंत्रालय**

**कंचनबाग, हैदराबाद- 500 058**

**बीडीएल/104/बीडी-पीआर/05** **27.10.2014**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**बीडीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन**

भारत सरकार के रक्षा मंत्रालयाधीन मिनी रत्न श्रेणी-1 का सार्वजनिक उपक्रम बी डी एल में आज सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया गया.

इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य उद्देश्य "**प्रौद्योगिकी के सहारे भ्रष्टाचार पर वार"** रहा**.**

बीडीएल के सी एम डी श्री एस एन मंथा ने हैदराबाद, भानूर (मेदक जिला) और विशाखापट्टणम स्थित उद्यम की तीनों इकाइयों के सभी कर्मचारियों को सीधे प्रसारण के माध्यम से सतर्कता शपथ दिलायी. इस अवसर पर श्री एस वी सुब्बाराव, निदेशक (वित्त), श्री उदय भास्कर, निदेशक (उत्पादन), एवीएम एन बी सिंह, एवीएसएम, वीएसएम, (नि.), निदेशक (तकनीकी), श्री एम ईश्वर, सीवीओ बीडीएल और कंपनी के अन्य वरिष्ठ कार्यपालक भी उपस्थित रहे.

तेलंगाना और आंध्रप्रदेश राज्यों के हैदराबाद उच्च न्यायालय के मानानीय न्यायाधीश श्री के सी भानू ने अतिथि व्याख्यान दिया.

"**सतर्कता सार- 2014**" का विमोचन इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य आकर्षण रहा.

डॉ. एन के राजू, अधिशासी निदेशक (का. एवं प्रशा.) ने सभी उपस्थितों का स्वागत किया और श्री बी एस प्रसाद अधिशासी निदेशक (सैम) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया.

इस पूरे सप्ताह के दौरान, निबंध प्रतियोगिता / श्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग और सतर्कता जागरूकता को लाने के लिए कंपनी के सभी कार्यपालकों के साथ चर्चा सत्र का आयोजन किया गया था.



बीडीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह उद्घाटन के अवसर पर तेलंगना और आंध्रप्रदेश राज्यों के हैदराबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश श्री के सी भानू के करकमलों से **सतर्कता सार - 2014** का विमोचन किया गया. चित्र मे बायीं ओर से हैं - एअर वाईस मार्शल एन बी सिंह, एवीएसएम, वीएसएम (निवृत्त), निदेशक (तकनीकी), श्री वी उदय भास्कर, निदेशक (उत्पादन), तेलंगाना और आंध्रप्रदेश राज्यों के हैदराबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश श्री के सी भानू, श्री एस एन मंथा सीएमडी, श्री एस वी सुब्बाराव, निदेशक (वित्त) और श्री एम ईश्वर, मुख्य सतर्कता अधिकारी बीडीएल.